सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राज्यपाल ने ''वाल्मीकि जयंती'' की शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 27 अक्टूबर, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने "वाल्मीकि जयन्ती'' की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि ''आदि कवि, महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करके विश्व को मर्यादा पुरूषोत्तम राम के चरित्र से अवगत कराया। उन्होंने कहा की महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं पर चलकर एक आदर्श समाज एवं राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें समाज के उपेक्षित तथा वंचित वर्ग की सेवा व सहायता के साथ ही उनके लिए अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित करती हैं।''

............0...........